देहरादून जागरण

यूटीयू में प्रवेश को 10 अप्रैल से आनलाइन आवेदन

जून प्रथम सप्ताह में आनलाइन काउंसलिंग होगी शुरू, प्रथम सेमेस्टर में करीब 14 हजार सीटें

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से आनलाइन आवेदन शुरू होंगे। विश्वविद्यालय कैंपस के नौ कालेज और 71 स्ववित्तपोषित संस्थानों में प्रथम सेमेस्टर की करीब 14 हजार सीट हैं। आवेदन के बाद जून के प्रथम सप्ताह में आनलाइन काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग की सूचना अभ्यर्थी को ई-मेल और मोबाइल नंबर पर मैसेज के माध्यम से दी जाएगी।

सोमवार को परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट और विधि आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल से विश्वविद्यालय की वेबससाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

बीटेक प्रथम वर्ष में जेईई-मेंस रैंकधारियों के साथ-साथ न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार प्रवेश मिलेगा। जबकि अन्य पाठ्यक्रमों में सिर्फ न्यूनतम शैक्षिक योग्यता प्राप्त इच्छुक अभ्यर्थियों की मेरिट के आधार पर आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे।

फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया और बार काउंसिल आफ इंडिया ने प्रवेश के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर तकनीकी पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं लेटरल एंट्री में प्रवेश की प्रक्रिया पिछले वर्षों की तरह प्रवेश मानक निर्धारित किया गया है। इस दौरान विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल व परीक्षा नियंत्रक वीके पटेल मौजूद रहे।

उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह। साथ में कुलसचिव प्रो सत्येंद्र सिंह ● जागरण

जेईई-मेंस रैंकधारियों को बीटेक में प्रवेश पर मिलेगी वरीयता

बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए जेईई-मेंस रैंकधारियों को वरीयता दी जाएगी। 12वीं में समान प्राप्तांक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता मिलेगी। बीफार्मा, बीएचएमसीटी, बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी, बीबीए, बीसीए, एमबीए कोर्स में 12वीं में समान प्राप्तांक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

30 सितंबर तक जमा करना होगा डिप्लोमा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र

डी फार्मा में प्रवेश के लिए 12वीं में संबंधित उच्च माध्यमिक परिषद की ओर से जारी संपूर्ण विषयों का प्रतिशत अंक अथवा यदि डिप्लोमा इन फार्मेसी उत्तीर्ण है तो डिप्लोमा प्राप्तांक प्रतिशत अंक अथवा यदि डिप्लोमा इन फार्मेसी के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं तो प्रथम वर्ष में प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत के योग प्रतिशत अंक की पात्रता निर्धारित है। वहीं एमटेक, एमफार्मा, एमबीए, एमसीए, एमएचएम, एलएलएम, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को भी 30 सितंबर तक प्रमाण पत्र जमा करना होगा। अन्यथा उनका प्रवेश भी निरस्त कर दिया जाएगा।